C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 196 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 07 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, पीएम मोदी हस्तक्षेप करें: अशोक गहलोत

### पूर्व सीएम ने कहा 19 दिन में 5 हत्याएं मानवता पर कलंक, राजस्थान में भी सरकारी अराजकता चरम पर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रही कथित बर्बरता और राजस्थान में सरकारी आयोजनों पर हो रहे भारी खर्च को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पड़ोसी देश के हालात पर ठोस हस्तक्षेप की मांग करते हुए इसे भारत की नैतिक और कूटनीतिक जिम्मेदारी बताया।

गहलोत ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बांग्लादेश से हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की खबरें बेहद विचलित करने वाली हैं। उन्होंने दावा किया कि महज 19 दिनों में पांच हिंदुओं की हत्या और महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार मानवता पर कलंक हैं। गहलोत ने कहा कि 1971 की यादें आज भी ताजा हैं, जब इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने कूटनीतिक दृढ़ता दिखाई और वैश्विक दबावों की परवाह किए बिना निर्णायक कदम उठाए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने इसे भी गंभीर बताया कि जिस देश के निर्माण में भारत की निर्णायक भूमिका रही, वही आज भारत के खिलाफ खड़ा नजर आता है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केवल रस्मी चिंता जताने से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के जीवन, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

इसी क्रम में गहलोत ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने लिखा कि राजस्थान में प्रशासनिक अराजकता चरम पर है और जनता के हक के पैसे की खुली बर्बादी हो रही है।

राइजिंग राजस्थान, प्रवासी राजस्थानी दिवस, खेलो इंडिया गेम्स और अब डिजिफेस्ट जैसे आयोजनों पर सवाल उठाते हुए गहलोत ने कहा कि न निवेशक दिखे, न दर्शक और न ही ठोस परिणाम। गहलोत ने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ प्रचार और आत्मप्रशंसा के लिए विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, जबकि जनता पूछ रही है कि इन खर्चों से आखिर मिला क्या। उन्होंने सवाल उठाया कि जवाबदेही तय कब होगी और कब तक प्रदेश की जनता के पैसे इस तरह खर्च किए जाते रहेंगे।

## पांच साल से फरार 15 हजार का इनामी गैंगरेप आरोपी बापर्दा गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा/ काछोला**

पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगरेप के मामले में पिछले 5 वर्षों से फरार 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी देवीलाल उर्फ देवीनाथ कालबेलिया को बापर्दा गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना काछोला में पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर प्रकरण दर्ज था। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य तथा वृत्ताधिकारी कोटड़ी सुरेश डाबरिया के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया। डीएसटी प्रभारी औमप्रकाश चौधरी एवं साइबर सेल प्रभारी सत्यनारायण के नेतृत्व में गठित टीम ने परंपरागत पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, 17 जून 2022 को परिवादी ने थाना काछोला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि करीब 12 बजे दो अज्ञात आरोपी शराब का सेवन कर खेत पर बने कच्चे मकान में घुसे। आरोपियों ने परिवादी के साथ मारपीट कर सोने का आभूषण छीना, उसकी पत्नी से मारपीट कर 5 हजार रुपये लूटे और नाबालिग बच्ची को जबरन मोटरसाइकिल पर उठाकर ले गए। बाद में हरपुरा के जंगल में बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसे छोड़कर फरार हो गए।

अनुसंधान के दौरान इस जघन्य वारदात में नारायणलाल उर्फ नारायणनाथ कालबेलिया की संलिप्तता सामने आई, जिसे 9 नवंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया। डीएनए साक्ष्य की पुष्टि के बाद पोक्सो न्यायालय, भीलवाड़ा ने सितंबर 2025 में उसे आजीवन कारावास एवं 1 लाख 68 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पूछताछ में देवीलाल उर्फ देवीनाथ कालबेलिया की भूमिका भी सामने आई, जो घटना के बाद से फरार था। आरोपी के खानाबदोश होने और मोबाइल का उपयोग नहीं करने के कारण पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंततः मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गांव रूपाहेली में कालबेलिया समाज की बैठक में शामिल होने आते समय रूपाहेली रेलवे स्टेशन से डिटेन कर पूछताछ के बाद बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी देवीलाल उर्फ देवीनाथ कालबेलिया (50) निवासी डाबला, बनेड़ा है। कार्रवाई के दौरान कोटड़ी वृताधिकारी सुरेश कुमार डाबरिया, रीडर सम्मी कुमार, सिपाही भंवर लाल सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## डीएमएफटी गतिविधियों की हर जानकारी अब होगी एक क्लिक पर

### नया पोर्टल इसी माह होगा लॉन्च, एक क्लिक में दिखेगा पूरा लेखा-जोखा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और ईज ऑफ डूइंग को मिलेगा नया आयाम

राज्य में खनन गतिविधियों को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक-आधारित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट का समर्पित डेटा व मॉनिटरिंग सिस्टम डोमेन पर उपलब्ध होना माइनिंग सेक्टर में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को नई गति देगा।

उन्होंने बताया कि खान विभाग द्वारा डीएमएफटी पोर्टल और डीएमएफटी वेबसाइट को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसी माह के अंत तक इनके औपचारिक रूप से शुरू होने की तैयारी है। यह पोर्टल भारत सरकार के नेशनल मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (एनएमएफटी) पोर्टल से इंटीग्रेटेड होगा, जिससे इसकी उपयोगिता और बहुआयामी क्षमता और बढ़ेगी। वहीं डीएमएफटी वेबसाइट पर केंद्र व राज्य के खान विभागों की वेबसाइट्स के लिए लिंक भी उपलब्ध होंगे।

**एक क्लिक में पूरी जानकारी**

सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान श्री रविकान्त ने कहा कि नए पोर्टल के माध्यम से कोर वर्क-फ्लो, उपलब्ध राशि, प्रस्तावित कार्य, उनकी स्वीकृतियां, कार्य प्रगति, स्वीकृत राशि और व्यय की स्थिति एक क्लिक में देखी जा सकेगी। इससे डीएमएफटी गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित होगी और निर्णय प्रक्रिया तेज होगी।

**वेबसाइट बनेगी सूचना और समाधान का केंद्र**

डीएमएफटी वेबसाइट को भी अंतिम चरण में बताया गया है। इसकी खास बात यह होगी कि इसमें स्टेटिक और डायनमिक डेटा के साथ-साथ परिवेदनाओं (शिकायतों) के निस्तारण की व्यवस्था, जिलों की बेस्ट प्रैक्टिसेज, विभिन्न गतिविधियां और लाभार्थियों से जुड़ी जानकारी भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहेगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि आमजन और हितधारकों का भरोसा भी मजबूत होगा।

**समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**

बैठक में संयुक्त सचिव अरविन्द सारस्वत, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी एरियल सर्वे सुनील वर्मा, अधीक्षण खनि अभियंता (विजिलेंस) प्रताप मीणा सहित पोर्टल विकसित कर रही टीम के सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पोर्टल की प्रगति और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।

## कोटा में 72.47 ग्राम स्मैक व 9.75 लाख नकद के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**




**गर्वित ।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन 'गुरुड़ व्यूह' के तहत थाना उद्योग नगर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 72.47 ग्राम स्मैक, 9.75 लाख रुपए की खरीद राशि, एक अवैध धारदार चाकू और फॉर्च्यूनर कार जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन और वृत्ताधिकारी रूद्रप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में गठित टीम ने नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध फॉर्च्यूनर कार को रोककर तलाशी ली। कार सवार रामस्वरूप उर्फ राजू उर्फ बाबा और राधाबाई के कब्जे से मादक पदार्थ व नकदी बरामद की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान थाना विज्ञान नगर द्वारा किया जा रहा है, वहीं एनडीपीएस तस्करी से अर्जित संपत्तियों की भी जांच की जा रही है।

## बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारना सर्वोच्च प्राथमिकता, समय पर मिले योजनाओं का लाभ

### बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारना सर्वोच्च प्राथमिकता, समय पर मिले योजनाओं का लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले सामाजिक न्याय से जुड़ी सभी बजट घोषणाओं को हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप योजनाओं को कागजों तक सीमित न रखकर जमीन पर उतारना ही विभाग की असली सफलता होगी, तभी आमजन को वास्तविक लाभ मिल सकेगा। मंगलवार को सचिवालय स्थित चिंतन सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सामाजिक न्याय मंत्री ने विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं और निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में केंद्र सरकार से प्राप्त बजट आवंटन, उपयोगिता प्रमाण पत्रों की स्थिति, संपर्क पोर्टल, भर्ती प्रक्रिया, डीपीसी प्रकरणों तथा आगामी बजट में विभागीय मांगों और विधानसभा से जुड़े विषयों पर भी गहन चर्चा की गई।

**पेंशन सिस्टम पर सख्ती, माइक्रो मैनेजमेंट के निर्देश**

गहलोत ने पेंशन व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि पेंशनर्स की मृत्यु के बाद संबंधित डाटा तुरंत अपडेट किया जाए, ताकि अनावश्यक भुगतान रोका जा सके। इसके लिए प्रभावी माइक्रो मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करने के निर्देश भी दिए गए।

**योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी**

सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति, पेंशन, पालनहार, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन, नवजीवन योजना, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग, दिव्यांग स्कूटी, सिलिकोसिस सहायता सहित सभी योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि भुगतान में देरी या बजट व्यय में शिथिलता के कारण कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

**निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर**

बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी सख्त रुख अपनाया गया। मंत्री ने तय मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने और निरंतर निगरानी के लिए विभागीय समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत बजट आवंटन और व्यय की भी योजनावार समीक्षा की।

**वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित**

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा, निदेशक आशीष मोदी, आयुक्त निःशक्तजन इकबाल खान सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पदमपुरा में घर के बाहर खड़ी पिकअप में लगी आग, केबिन जलकर खाक

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



थाना क्षेत्र के पदमपुरा गांव में सोमवार देर रात एक पिकअप में अज्ञात कारणों से आग लगने की घटना सामने आई। आग की चपेट में आने से पिकअप का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जिससे वाहन मालिक को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार पदमपुरा निवासी गोपाल धाकड़ ने अपनी पिकअप रात में घर के बाहर खड़ी कर दी थी और सो गया था । सुबह उठने पर उसने देखा कि पिकअप का केबिन पूरी तरह जली हुई थी । आग इतनी भीषण थी कि केबिन के अधिकांश हिस्से नष्ट हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य कारण से आग लगी है ।

C M Y K

# बाइक चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर।**

थाना पुलिस ने वाहन चोरी का खुलासा करते हुए चोरी की गई बाइक बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी शम्भू दयाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई है ।

पुलिस के ने बताया की मनीष बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 दिसंबर की शाम रायपुर-सगरेव रोड स्थित उसके घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, पारंपरिक पुलिसिंग एवं मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों संजु वैष्णव निवासी रामगढ़ लुहारिया, थाना मांडल एवं दीपक माली निवासी हिंगलाज माता मंदिर के पास, मांडल को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# अवैध खैर कटान पर बड़ी कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार, 2.10 लाख जुर्माना वसूला

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ / बिजोलिया**

वन क्षेत्रों में अवैध कटान के मामलों पर सख्ती दिखाते हुए वन विभाग मांडलगढ़ रेंज में बड़ी कार्रवाई की है। आरक्षित वन क्षेत्र से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में वन विभाग ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 2 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कटान करने वालों में हड़कंप मच गया है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय विमल रेगर में बताया की जिला वन अधिकारी उप वन संरक्षक भीलवाड़ा मरिया शाईन ए के निर्देशन में अवैध कटान एवं अवैध खनन के विरुद्ध



विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत क्षेत्रीय वन अधिकारी मनेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

टीम ने मंगलवार को वनपाल नाका मोहनपुरा अंतर्गत आरक्षित वनखंड सतबड़ी में जांच की। जांच में सामने आया कि 1 जनवरी की रात्रि को दो खैर के पेड़ों की अवैध रूप से कटाई की गई थी। इस मामले में वन विभाग ने मोहम्मद आजम पिता मुबारिक निवासी बीगोद, बाबू पिता फोरू दरोगा, रोशन पिता रामप्रसाद दरोगा, ईश्वर पिता उदा दरोगा एवं सोराज पिता गोपी मीणा निवासी मोहनपुरा को राजस्थान वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया।

पांचों आरोपियों से खैर के दो पेड़ों की अवैध कटाई व तस्करी के जुर्म में कुल 2,10,000 का जुर्माना वसूल किया गया।

कार्रवाई दल में क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय विमल रेगर, वनपाल हरनारायण सिंह, नाका प्रभारी मेनाल लोकेन्द्र सिंह, वनरक्षक रामगोपाल धाकड़, मुराद खां, रविन्द्र सिंह, नन्द सिंह एवं किशन जीनगर शामिल रहे।

# मंदिर चोरी का खुलासा, महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर**

थाना क्षेत्र के बोराणा स्थित कोयड़ के भैरूजी मंदिर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंदिर से चोरी की गई गैस सिलेंडर की टंकी बरामद की है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी शम्भू दयाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की बीती 1 जनवरी को घीसू गुर्जर निवासी गुर्जरों का खेड़ा, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 दिसंबर की रात अज्ञात चोरों ने भैरूजी मंदिर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और वहां से एक गैस सिलेंडर की टंकी, दो चांदी के छत्र तथा माताजी मंदिर से एक नथ चोरी कर ली। जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने एक पुरुष और एक महिला आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर मंदिर से चोरी की गई गैस सिलेंडर की टंकी बरामद कर ली गई है, जबकि अन्य चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मोहनदास पुत्र उकारदास वैष्णव (30) निवासी चिलेश्वर, करेडा तथा पुष्पा देवी पत्नी प्रकाशचंद्र लखारा (34) निवासी पुरानी आबादी, मांडलगढ़ शामिल हैं।

# निर्माणाधीन पुलिया व घुमावदार सर्विस रोड बन रही हादसों की वजह





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़** । कस्बे से गुजर रहे नेशनल हाइवे 27 पर केसरगंज के समीप निर्माणाधीन पुलिया का कार्य लंबे समय से बंद पड़ा होने के कारण यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई है। हाइवे अथॉरिटी द्वारा वैकल्पिक रूप से बनाई गई सर्विस रोड का अचानक और अत्यधिक घुमावदार कट वाहन चालकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रहा है।

कोटा मार्ग की ओर से आने वाले वाहन चालकों को पुलिया निर्माण कार्य के चलते सर्विस रोड से गुजरना पड़ रहा है, लेकिन तीखे मोड़ और अपर्याप्त संकेतक होने से यहां हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस स्थान पर आए दिन वाहनों के आपस में टकराने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय और तेज रफ्तार भारी वाहनों के गुजरने के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। कई बार मामूली चूक बड़े हादसे में बदल सकती है। लोगों ने हाइवे अथॉरिटी से पुलिया निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, सर्विस रोड के कट को सुरक्षित बनाने तथा चेतावनी बोर्ड व स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। यदि समय रहते आवश्यक सुधार नहीं किए गए तो यह स्थान किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

# सड़क हादसाः युवक की मौत, साथी घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़** थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यह हादसा मंडोल बांध से मकरेडी की ओर जाते समय हुआ, जहां काम की तलाश में निकले दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मंडोल निवासी राजू मीणा (25) की मौत हो गई, जबकि उसका साथी दिलखुश बंजारा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, राजू मीणा अपने साथी दिलखुश बंजारा के साथ परिवार की आजीविका चलाने के लिए काम की तलाश में निकला था। दोनों युवक जैसे ही मंडोल से आगे बढ़े, तभी तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने



तत्काल मदद करते हुए घायलों को कसा स्थित उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने राजू मीणा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल दिलखुश बंजारा की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# विधायक अशोक कोठारी ने फ्लावर शो 2026 का किया अवलोकन, पर्यावरणीय प्रयासों की सराहना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर की एमटीएम सोसाइटी में आयोजित फ्लावर शो-2026 का मंगलवार को शहर विधायक अशोक कोठारी द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर विधायक कोठारी ने सोसाइटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं आमजन में हरित चेतना विकसित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

विधायक कोठारी ने प्लांट लवर समिति द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे सतत कार्यों को देखते हुए भविष्य में स्थायी रूप से भूमि आवंटन का आश्वासन भी दिया। उनके साथ उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों एवं उद्योगकर्मियों ने भी फ्लावर शो की प्रशंसा करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी पहल बताया।



सोसाइटी की सचिव प्रियंका सोमानी एवं संजय राठी ने विधायक को विभिन्न प्रकार के पुष्प, कैक्टस एवं अन्य सजावटी पौधों की जानकारी दी। प्रदर्शनी में बालकिशन द्वारा संचालित किचन गार्डन ऑन रूफटॉप तथा बोनसाई पौधे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

सोसाइटी के वित्त सचिव राकेश तिवारी ने भविष्य में फ्लावर शो को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने की महत्वाकांक्षा व्यक्त की। वहीं कैलाश सोनी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत कुमार द्वारा भी फ्लावर शो का अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम में हर्षा कटियार, सुशील डांगी, रेणू मानसिंहका, भूपेंद्र राणावत, कुसुम कोगटा, रूपा परशुरामपूरियां, भारती शर्मा, मधु कोगटा, रेखा शर्मा, आशा खंडेलवाल, अंकुर जैन, हर्ष कटिहार, पूनम महादेव, हरविंदर कौर, प्रतिभा मानसिंहका, रेखा सोडाणी, संगीता काबरा, सीमा गोयल, सुनील तलेसरा, पंकज मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर रेसिपी कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** महिला एवं बाल विकास विभाग, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन एवं अर्पण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आंगनबाड़ी नंद घर ककरोलिया माफी में मंगलवार को रेसिपी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि समुदाय की महिलाओं ने हरी साग-सब्जियां, अनाज व दालें घर से लाकर आंगनबाड़ी केंद्र पर पौष्टिक रेसिपी तैयार की। इस दौरान माताओं को बताया गया कि खिचड़ी को अधिक पौष्टिक व स्वादिष्ट बनाने के लिए पालक, धनिया, टमाटर, मिर्च, गाजर, मूली आदि सब्जियों का उपयोग किया जा सकता है। तैयार की गई मिक्स खिचड़ी बच्चों को खिलाई गई, जिसे बच्चों ने खूब पसंद किया।

माताओं ने अर्पण सेवा संस्थान की पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गिरजा ओझा एवं आशा सहयोगिनी सोनू ओझा उपस्थित रहीं।



# गोपालपुरा में विधायक खंडेलवाल ने किया श्री चारभुजा क्रिकेट कप का शुभारंभ, 24 टीमें ले रहीं हिस्सा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**रमेश गुर्जर।** गोपालपुरा ग्राम पंचायत स्थित श्री चारभुजा क्रिकेट ग्राउंड पर पंचायत स्तरीय श्री चारभुजा क्रिकेट कप सीजन-2 का शुभारंभ सोमवार रात्रि को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया। उद्घाटन अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करवाया और खेल भावना व अनुशासन के साथ प्रतियोगिता खेलने का संदेश दिया। शुभारंभ समारोह में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, सरपंच रामलाल धाकड़, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल, शिव चंद्रवाल, संजय धाकड़, बिट्ठल तिवारी, एएसआई नरेश सुखवाल, मुकेश व्यास , पंकज गांग सहित जनप्रतिनिधि, आयोजक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की ग्रामीण स्तर की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मुकाबले लीग पद्धति से खेले जाएंगे। यह रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता टेनिस बॉल से आयोजित की जा रही है। प्रत्येक मैच 8 ओवर का होगा, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे। एक गेंदबाज अधिकतम 2 ओवर ही डाल सकेगा। अंपायर का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य रहेगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 41,000 रुपये, जबकि उपविजेता टीम को 21,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द सीरीज के लिए 551-551 रुपये के पुरस्कार रखे गए हैं।

शुभारंभ मैच के साथ ही प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

QUICK BITES

## पथिक प्रीमियर लीग की हुई शुरुआत, 24 टीमों के बीच होगी रोमांचक भिड़ंत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवाड़ी।** कस्बे के पथिक क्लब में पथिक प्रीमियर लीग का भव्य उद्घाटन समारोह सोमवार रात आयोजित हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ मांडलगढ़ के विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं भाजपा नेता संजय धाकड़ ने किया। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उद्घाटन अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा, हितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के प्रमुख स्पॉन्सर नीलकंठ क्रेशर के ऑनर नरोत्तम धाकड़, अनिल धाकड़, शेखर, रवि, रवि सोनी, विशाल मेवाड़, लोकेश धाकड़ सहित आयोजन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। सभी मुकाबले 9-9 ओवर के होंगे, जिससे दर्शकों को तेज और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51,000 एवं उपविजेता को 21,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## श्रीजी का खेड़ा व खारोलिया खेड़ा में 450 कंबलों का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सर्दी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रेडक्रॉस चेयरमेन लादूराम बांगड़ के नेतृत्व में तहसील बनेड़ा के श्रीजी का खेड़ा और खारोलिया खेड़ा गांवों में जरूरतमंद परिवारों को 450 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल वितरण के दौरान ग्रामवासियों में उत्साह देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों के साथ महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी रही और दोनों गांवों में प्रत्येक घर को एक-एक कंबल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के जिला सचिव रमेश मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष कंवरलाल पोरवाल, सदस्य कांतिलाल जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बापूनगर में निःशुल्क स्वर्ण प्राशन व आयुर्वेद परामर्श शिविर 7 जनवरी को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के राजकीय आयुर्वेद औषधालय, बापूनगर में 7 जनवरी को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन एवं आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क स्वर्णप्राशन दवा पिलाई जाएगी। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. उगन्ता मीणा द्वारा थायराइड, खांसी-जुकाम, बालों का झड़ना, जोड़ों व घुटनों का दर्द, गठिया, तान आना, बिस्तर में पेशाब करना, सेरिब्रल पाल्सी, खुजली-एलर्जी, भूख न लगना, श्वास/अस्थमा, यौन रोग, निःसंतानता, सफेद दाद व पथरी आदि रोगों पर निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। डॉ. मीणा ने बताया कि स्वर्णप्राशन का छह माह तक नियमित सेवन बच्चों की स्मरण शक्ति व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। विकास में विलंब वाले बच्चों के लिए औषधालय पर निःशुल्क पंचकर्म थेरेपी भी उपलब्ध है। शिविर में बीपी एवं शुगर की जांच भी निःशुल्क की जाएगी।

# भीलवाड़ा जिला युवा अग्रवाल सम्मेलन की कार्यकारिणी घोषित

## दिनेश कामलिया जिला अध्यक्ष, कृष्णा अग्रवाल जिला महामंत्री नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से संबद्ध भीलवाड़ा जिला युवा अग्रवाल सम्मेलन की नई कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष अमित नागौरी द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

घोषणा के अनुसार दिनेश कामलिया को जिला अध्यक्ष, कृष्णा अग्रवाल को जिला महामंत्री, जय अग्रवाल को संगठन मंत्री, भरत अग्रवाल को सूचना मंत्री, मनीष कुंपावत को कोषाध्यक्ष, सत्य प्रकाश लोहिया को सांस्कृतिक मंत्री तथा कमलेश अग्रवाल को सह सांस्कृतिक मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं विवेक अग्रवाल को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। युवा जिला अग्रवाल सम्मेलन की प्रथम बैठक नाकोड़ा टावर में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश टीम ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान मोमेंटो, उपरणा और मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर किया तथा शपथ दिलाई गई।

बैठक में आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में प्रदेश युवा टीम, प्रदेश महिला टीम, स्थानीय महिला टीम एवं नव-नियुक्त युवा टीम के साथ सेवा कार्य करने का संकल्प लिया गया तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देने का निर्णय किया गया।

# मानसरोवर झील संरक्षण को लेकर उपभोक्ता अधिकार समिति ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मानसरोवर झील की बदहाल स्थिति, प्रदूषण व अतिक्रमण को लेकर उपभोक्ता अधिकार समिति (रजि.) के प्रतिनिधिमंडल ने समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सुनील राठी के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह से मुलाकात कर नगर विकास न्यास के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में झील में नालों का गंदा पानी, प्लास्टिक कचरा, जलकुंभी, मछलियों की मौत, अवैध निर्माण और झील का दायरा सिमटने जैसे गंभीर मुद्दे उठाए गए। समिति ने झील की नियमित सफाई, पानी की गुणवत्ता की मासिक जांच, मछलियों की मौत की जांच तथा गहरीकरण कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की।

इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष अर्चना दुबे, युवा मोर्चा से अंकित सोमानी, हार्दिक सोनी, त्रिदेव मूंदड़ा, अखिल झंवर और लादूराम वैष्णव सहित संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी लीग 2026 का समापन, वेदांत स्कूल विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी लीग 2026 का भव्य समापन प्रतापनगर स्कूल ग्राउंड पर विधायक अशोक कोठारी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में शहर के 12 विद्यालयों के 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबलों में सब जूनियर वर्ग में ऋषभ टेक्सटाइल टीम ने श्रीजी पब्लिक स्कूल को 4-2 से हराया, सीनियर वर्ग में ब्रिटि स्कूल ने राइट चॉइस स्कूल को 5-4 से पराजित किया, जबकि सीनियर फाइनल में वेदांत स्कूल ने सेवा सदन स्कूल को 9-7 से हराकर खिताब जीता। विभिन्न वर्गों में कुशल पाल, देव, नीरज राव, विहान बिश्नोई, कृष्णा भील, सोनू यादव, करण मीणा, आदित्य धाकड़, रजत गाडरी और विश्वेंद्र सारस्वत ने शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में विधायक अशोक कोठारी ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों को खेलों पर पूर्ण ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया। उन्होंने आयोजक अजित जैन व विवेक निमावत के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में कैलाश डाड, मोहित सरीन, अनिल शर्मा, मनोज भाईसाहब, गोपाल राज पारिक, दिलीप सोनी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में कोच कोमल शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश सोलंकी, मनीषा सोलंकी और पलक राजपूत का सम्मान किया गया।

## श्री पंचमुखी दरबार में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति के तत्वावधान में श्री पंचमुखी दरबार मंदिर प्रांगण में कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से गरीब एवं निसहाय व्यक्तियों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। समिति के अध्यक्ष महंत लक्ष्मण दास त्यागी ने कहा, जहाँ सेवा है, वहीं नारायण का वास है। जरूरतमंद की सहायता करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। भीषण ठंड को देखते हुए नारायण सेवा के अंतर्गत कंबल, जर्सी, स्वेटर एवं टी-शर्ट का वितरण किया गया।

समिति के सचिव परमेश्वर दास ने बताया कि समिति का संकल्प धर्म के साथ सेवा और सेवा के साथ समर्पण का है। इसी सिद्धांत के अनुरूप ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि आगे बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने की योजना है।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद दास, अजय रामदास, बृजमोहन दास, प्रेमदास, गोपाल दास, मुकंद दास सहित अन्य संतगण उपस्थित रहे।

## नैनो उर्वरक उपयोग पर किसान सभा, निःशुल्क कंबल वितरण



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

**(सांवर वैष्णव)** कोटड़ी हरित एफपीसी सवाईपुर में मंगलवार को इफको द्वारा नैनो उर्वरक उपयोग महाअभियान के तहत किसान सभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सहायक कृषि अधिकारी पीयूष प्रकाश त्रिवेदी रहे। कार्यक्रम में नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग, मात्रा और लाभों की जानकारी दी गई। उप क्षेत्रीय प्रबंधक लाला राम चौधरी ने बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से दानेदार खाद की खपत आधी होती है और मृदा, जल व वायु प्रदूषण कम होता है। ड्रोन से छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के बाद 15 जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए। किसान सभा में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com

# पाले व शीतलहर से फसलों के बचाव को लेकर कृषि विभाग की एडवाइजरी जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में जारी कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए कृषि विभाग ने फसलों को पाले से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने सभी कृषि पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को समय रहते बचाव के उपायों की जानकारी दें।

जैन ने बताया कि पाले से फसलों की पत्तियां व फूल झुलस जाते हैं तथा दाने सिकुड़ जाते हैं। बचाव के लिए सब्जी, नर्सरी व सीमित क्षेत्र की फसलों को टाट, पॉलिथिन या भूसे से ढकें तथा उत्तर-पश्चिम दिशा में वायुरोधी टाटियां लगाएं। पाले की आशंका होने पर हल्की सिंचाई करने से भूमि का तापमान बना रहता है।



जैन ने बताया कि 0.2 प्रतिशत घुलनशील गंधक 2 ग्राम प्रति लीटर पानी या थायो यूरिया 500 पीपीएम 0.5 ग्राम प्रति लीटर का छिड़काव 15-15 दिन के अंतर से किया जा सकता है। गंधक का छिड़काव सरसों, गेहूं, चना, आलू व मटर जैसी फसलों में पाले से बचाव के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है।

दीर्घकालीन उपाय के रूप में खेत की उत्तर-पश्चिमी मेड़ों पर शहतूत, शीशम, बबूल, खेजड़ी व अरडू जैसे वायु अवरोधक पेड़ लगाने की सलाह दी गई है।

# मोखुंदा में डॉ. आंबेडकर पाठशाला का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

ग्राम मोखुंदा के रैगर समाज मोहल्ले में निर्धन व जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के उद्देश्य से डॉ. आंबेडकर पाठशाला का शुभारंभ किया गया। पाठशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोतीलाल सिंघानिया ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज में नेतृत्व और अधिकारी पैदा होते हैं तथा जन्मदिन पर फिजूलखर्ची छोड़ शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों और नशे के त्याग पर जोर दिया।




मुख्य वक्ता राधेश्याम सूंकरिया ने कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण तगाया अध्यक्ष, आम चोखला झाड़ोल ने की। कार्यक्रम में इन्द्रा देवी रैगर सरपंच मोखुंदा , रतन डडवाडिया, बबलू सूंकरिया, राकेश तगाया, किशन हिणोनिया, अर्जुन डडवाडिया, विजय डडवाडिया, गणपत डडवाडिया, मोहन खमोकरिया, लोकेश खमोकरिया एवं रमेश शेरसिया सरपंच प्रतिनिधि, पोटला ,मदन तगाया सरपंच प्रतिनिधि, मूलचंद, रोशनलाल, केशुराम, हेमराज नोगिया, मोहनलाल, मनोहरलाल, शोलाराम, प्रेमचंद, रविंद्र, डालचंद, मनोज, गोपाल, दिनेश, शिव, नारायण, शांतिलाल, किशन, सुमन सहित समाज के कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे।मंच संचालन गिरदावर रमेश तगाया ने किया।

# तीसरे दिन भी छाया घना कोहरा, ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**(सांवर वैष्णव)**

क्षेत्र में लगातार तीसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। सुबह से ही आसमान में छाए कोहरे और ठंडक ने ग्रामीणों की दिनचर्या को धीमा कर दिया, वहीं सड़कों पर दृश्यता बेहद कम होने से यातायात भी प्रभावित हुआ। सवाईपुर कस्बे सहित सालरिया, सोपुरा, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, लसाडिया, रेड़वास, जित्यास, नोहरा, कालिरडिया, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा सहित आसपास के कई गांवों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण विजिबिलिटी मात्र 20 से 25 मीटर तक सीमित रही, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के चलते नेशनल हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही और चालक हेडलाइट जलाकर सावधानीपूर्वक वाहन चलाते नजर आए। वहीं कोहरे के साथ हल्की फुहार पड़ने से सड़कें गीली हो गईं, जिससे फिसलन की स्थिति बनी रही। ठंड बढ़ने के कारण ग्रामीण अलाव तापकर सर्दी से बचाव करते दिखे। लगातार कोहरे और सर्द हवाओं के चलते यातायात के साथ-साथ दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। दोपहर बाद कुछ समय के लिए सूर्यदेव के दर्शन हुए, जिससे लोगों को ठंड से आंशिक राहत मिली।



# सड़क सुरक्षा माह के तहत भव्य जागरूकता रैली आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

जिला परिवहन कार्यालय, शाहपुरा द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 1 जनवरी से 31 जनवरी के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर उत्साह के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सड़क सुरक्षा को लेकर एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली का शुभारंभ एसडीएम कार्यालय शाहपुरा से हुआ, जिसे अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रकाश चन्द्र रेगर एवं उपखण्ड अधिकारी सुनील मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली एसडीएम कार्यालय से प्रारंभ होकर त्रिमूर्ति चौराहा होते हुए रामद्वारा तक पहुँची। जिला परिवहन अधिकारी अनिल कायथ ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे माह प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। रैली के दौरान नगरपालिका क्षेत्र में प्रचार सामग्री के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। रैली में राजकीय उच्च बालिका महाविद्यालय की अध्यापिका उमा पाराशर के नेतृत्व में स्काउट-गाइड की छात्राओं, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा इंडियन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग से परिवहन निरीक्षक कौस्तुभ जोशी, उड़नदस्ता गार्ड अनिल शर्मा, रामराज मीणा, यातायात संघ से मिंकू, रवि दत्त, सुलेमान खान, इंडियन पब्लिक स्कूल से अध्यापक महेंद्र वैष्णव, अध्यापिका निक्की झा, शिव कुमार छिपा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## जगतगुरु रामानन्दाचार्य जन्मोत्सव पर 9 को विशाल शोभायात्रा

### वैष्णव बैरागी समाज निकालेगा भव्य धार्मिक जुलूस

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।**

जगतगुरु रामानन्दाचार्य महाराज के 726वें जन्मोत्सव के अवसर पर भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर वैष्णव बैरागी समाज द्वारा 9 जनवरी, शुक्रवार को एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन वैष्णव बैरागी सेवा संस्थान, भीलवाड़ा एवं समस्त वैष्णव बैरागी समाज के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

शोभायात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे दूदाधारी मंदिर, सांगानेर गेट से होगा। गाजे-बाजे के साथ हाथी-घोड़ों की सहभागिता वाली यह शोभायात्रा श्री गेस्ट हाउस, महाराणा टॉकीज, सूचना केंद्र, गोल प्याऊ चौराहा, रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्री रोड, परशुराम सर्किल एवं रोडवेज बस स्टैंड होते हुए रामानन्द भवन, देवदास जी की बगीची पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा।समापन के बाद भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया तिल कुटा चौथ व्रत

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला।**

कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के अवसर पर तिल कुटा चौथ का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। गौरतलब है की हिंदू धर्म में यह व्रत भगवान गणेश को समर्पित माना जाता है। महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर यह व्रत रखा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संकट चौथ के दिन तिल का दान करने एवं तिल-गुड़ के लड्डुओं का भोग लगाने से भगवान गणेश प्रसन्न होकर जीवन के समस्त संकटों को दूर करते हैं। इसी मान्यता के तहत




महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और तिल के लड्डुओं का भोग अर्पित किया। पूजा के पश्चात महिलाओं ने विघ्नहर्ता गणेश की वंदना करते हुए परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। हाड़ कंपा देने वाली ठंड और घने कोहरे के बीच श्रद्धालु महिलाएं चंद्रोदय की प्रतीक्षा करती रहीं। चंद्रमा के उदय होते ही अर्घ्य देकर व्रत का विधिवत परायण किया गया।

## QUICK BITES

### विजय तिवारी बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन में बिजोलिया ब्लॉक स्तर पर नई नियुक्ति की गई है। संगठन द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व सरपंच विजय तिवारी को ब्लॉक बिजोलिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति दो वर्ष अथवा अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगी।

संगठन ने उम्मीद जताई है कि विजय तिवारी क्षेत्र में संगठन को मजबूत करते हुए जमीनी स्तर पर कांग्रेस की विचारधारा को सशक्त करेंगे।

### युरिया के लिए ठंड में कतार, गाडरमाला में खाट डालकर सोए किसान

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां।**



रबी फसलों के लिए युरिया खाद लेने पहुंचे किसानों को कड़ाके की ठंड व घने कोहरे में लंबी कतारों का सामना करना पड़ा। गुरलां ग्राम सेवा सहकारी समिति में मंगलवार को 350 बैग युरिया खाद का वितरण किया गया। समिति खुलने से पहले ही बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए।

कृषि पर्यवेक्षक मानसिंह मीणा ने बताया कि प्रति राशन कार्ड एक बैग युरिया दिया गया। सीमित वितरण को लेकर किसानों में असंतोष भी दिखा। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवान तैनात रहे।

इधर, गाडरमाला में 400 कट्टे युरिया पहुंचने की सूचना पर किसान सोमवार रात से ही समिति के बाहर चारपाई लगाकर सोते नजर आए, ताकि सुबह जल्दी नंबर मिल सके।

### घने कोहरे में हादसा, बाइक सवार युवक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



घने कोहरे के कारण थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना भगुनगर के नजदीक हुई, जहां एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार छगन लाल रैगर, निवासी झींकरि, को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

काछोला थाना के सहायक उप निरीक्षक श्रवण सिंह मीणा ने बताया कि सुबह के समय घना कोहरा होने से दृश्यता काफी कम थी, इसी कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन में मांडलगढ़ विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष बने रामजस दाधीच

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**

**महावीर वैष्णव**



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन,राजस्थान द्वारा संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई। संगठन के प्रदेश महासचिव संगठन केशव तिवारी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार रामजस दाधीच दौलपुरा को मांडलगढ़ विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।यह नियुक्ति दो वर्ष अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी।यह नियुक्ति राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ,सुनील पंवार, प्रदेश अध्यक्ष डॉ,सी, बी,यादव, राष्ट्रीय प्रभारी के अनुमोदन से की गई हैं।रामजस दाधीच ग्राम पंचायत प्रशासक हैं।दाधीच की क्षेत्र में लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं।जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

### चंवरा का हनुमान जी मंदिर का दानपात्र खोला, 1.55 लाख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**(रमेश चंद्र डाड)**



मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा का हनुमान मंदिर में मंगलवार को महाआरती के बाद दानपात्र खोला गया। दानपात्र से कुल 1 लाख 55 हजार 320 की राशि प्राप्त हुई। दानपात्र खोले जाने के दौरान मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बालूराम अहीर, सचिव मदनलाल सुथार, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर सहित मंदिर के पुजारी प्रहलाद वैष्णव व रोशन वैष्णव उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिनेश पोरवाल, लक्ष्मण सिंह, लादूलाल गुर्जर, मोडीराम अहीर, कालू सिंह, मोहन सिंह, बिट्टू राठी, जगदीश चंद्र पोरवाल, नेत्रपाल सिंह राठौड़, लादूलाल व्यास, अशोक सेन, शिव शर्मा, गोदु धाकड़, छोटू गुर्जर, खेमा धाकड़ सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।